भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2678

04 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

विषय- सुपारी का उत्पादन और उत्पादकता

2678. श्री बी. वाई. राघवेन्द्रः

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पाँच वर्षों के दौरान देश में सुपारी की खेती की भूमि, उत्पादन तथा उत्पादकता (प्रति हेक्टेयर उपज) का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान देश में सुपारी की खेती की कुल भूमि तथा उत्पादन में कर्नाटक का हिस्सा कितना है;

(ग) क्या सरकार कर्नाटक में सुपारी खेती के क्षेत्रफल, उत्पादन तथा उत्पादकता संबंधी आंकड़े रखती है, यदि हाँ, तो गत पाँच वर्षों के दौरान वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान देश में सुपारी के विकास के लिए सरकार द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सुपारी एवं मसाला विकास निदेशालय, कालीकट द्वारा कार्यान्वित कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): देश में विगत पांच वर्षों अर्थात् वर्ष 2021-22 से 2025-26 (द्वितीय अग्रिम अनुमान) तक, में प्रत्येक वर्ष के दौरान, सुपारी की खेती के अंतर्गत क्षेत्रफल, उत्पादन और उत्पादकता (प्रति हेक्टेयर उपज) का विवरण राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख): विगत पांच वर्षों के दौरान, कर्नाटक में देश के कुल क्षेत्रफल का 71.56% और सुपारी के अंतर्गत देश के कुल उत्पादन का 75.47% हिस्सा रहा है।

(ग): कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, सुपारी एवं मसाला विकास निदेशालय (डीएएसडी) से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर और अखिल भारतीय स्तर पर सुपारी सहित बागवानी फसलों के क्षेत्रफल और उत्पादन के अनुमान जारी करता है। पिछले पांच वर्षों में कर्नाटक में सुपारी का क्षेत्रफल, उत्पादन और उत्पादकता के जिला स्तरीय आंकड़ों की जानकारी **अनुबंध-II** में दी गई है।

(घ): एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच), केंद्र प्रायोजित योजना में, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को क्षेत्र विस्तार के माध्यम से सुपारी विकास के लिए सहायता प्रदान करने का कोई विशिष्ट प्रावधान नहीं है। तथापि, सुपारी, मसालों और सुगंधित पौधों के विकास संबंधी गतिविधियों के कार्यान्वयन, समन्वय और निगरानी के लिए एमआईडीएच के अंतर्गत सुपारी एवं मसाला विकास निदेशालय (डीएएसडी) को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। विगत पांच वर्षों के दौरान एमआईडीएच के तहत डीएएसडी को आवंटित और जारी की गई निधियों का विवरण इस प्रकार है:

(रुपये करोड़ में)

वर्ष	**आवंटन**	**जारी किया गया**
2021-22	12.00	12.00
2022-23	14.00	14.00
2023-24	16.88	16.88
2024-25	24.00	20.92
2025-26	14.00	14.00

(ङ): राष्ट्रीय स्तर पर सुपारी के समग्र विकास का समन्वय सुपारी एवं मसाला विकास निदेशालय (डीएएसडी), कालीकट द्वारा किया जाता है। डीएएसडी द्वारा निम्नलिखित तकनीकी कार्यक्रम और प्रौद्योगिकी प्रसार योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं:

- **सुपारी आधारित बहुप्रजाति फसल प्रणाली:** मौजूदा इकाई क्षेत्र से किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से, निदेशालय वर्तमान सुपारी बागानों में बहुप्रजातीय फसल - को (मल्टीस्पीशीज़ क्रॉपिंग सिस्टम) प्रणालीबढ़ावा देता है और उनका प्रचार-प्रसार करता है। प्रगतिशील किसानों के खेतों में फ्रंटलाइन डेमॉन्सट्रेशन (एफएलडी) आयोजित किए जाते हैं, साथ ही इस तकनीक के प्रसार और इसे अपनाने के लिए जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।
- **प्रभावी फफूंदनाशकों के माध्यम से फ्रूटरॉट/महाली रोग का प्रबंधन:** केरल और कर्नाटक के चयनित क्षेत्रों में सुपारी में फ्रूटरॉट रोग के प्रबंधन में नए फफूंदनाशक मैंडीप्रोपामिड के प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए एफएलडी की स्थापना करना।
- **एंटोमोपैथोजेनिक नेमाटोड (ईपीएन) के उपयोग के माध्यम से सुपारी की रूटग्रब में लगने वाले कीट के संक्रमण का प्रबंधन:** सुपारी की रूटग्रब के कीटों के प्रबंधन में ईपीएन के उपयोग को लोकप्रिय बनाने के लिए एफएलडी की स्थापना करना।
- **हाइब्रिड ड्वॉर्फ किस्मों का संवर्धन:** सुपारी की हाइब्रिड ड्वॉर्फ किस्मों को चुनिंदा किसानों के खेतों में प्रदर्शित किया गया ताकि कटाई प्रचालनों को आसान बनाया जा सके और पौधों की सघनता को अनुकूलित किया जा सके।

- **प्लास्टिक मल्च के माध्यम से येलो लीफ डिजीज (वाईएलडी) का प्रबंधन:** सुपारी में वाईएलडी प्रबंधन में प्लास्टिक मल्चिंग के प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए किसानों के खेतों में एफएलडी स्थापित किए जाते हैं।

- **रोग के प्रिडिक्शन के लिए पहल:** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) - केंद्रीय बागान फसल अनुसंधान संस्थान (सीपीसीआरआई) को एक तापमान और सापेक्ष आर्द्रता नियंत्रक इकाई दी गई है ताकि मौसम और सुपारी में लगने वाले लीफ स्पॉट डिजीज (एलएसडी) के बीच संबंध का अध्ययन किया जा सके जो रोग की भविष्यवाणी में सहायक हो सकता है।

- **समुदाय आधारित लीफ स्पॉट डिजीज (एलएसडी) प्रबंधन:** डीएएसडी ने कर्नाटक के एलएसडी प्रभावित 10 सुपारी उत्पादक तालुकों में वर्ष 2025-26 से सुपारी में एलएसडी के सामुदायिक प्रबंधन पर प्रभावित क्षेत्र के चयनित किसानों के खेतों में एक व्यापक प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया है। इस कार्यक्रम में 50 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है, जिसमें प्रत्येक तालुक में 5 हेक्टेयर भूमि है। जिसका उद्देश्य एलएसडी नियंत्रण के लिए अनुशंसित वैज्ञानिक प्रबंधन उपायों को लोकप्रिय बनाना है।इस कार्यक्रम के लिए तीन वर्ष की अवधि के लिए 6.32 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

- **साक्ष्य आधारित स्वास्थ्य अनुसंधान:** सुपारी के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों संबंधी ज्ञान के अंतर को दूर करने तथा निर्णायक वैज्ञानिक साक्ष्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, डीएएसडी, आईसीएआर-सीपीसीआरआई के सहयोग से "सुपारी और मानव स्वास्थ्य पर साक्ष्य-आधारित अनुसंधान" नामक परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है। इस परियोजना में चिकित्सा अनुसंधान से संबंधित लगभग 12 राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय एजेंसियां शामिल हैं, जिनमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस), नई दिल्ली; कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र (सीसीएमबी), हैदराबाद; और अन्य शामिल हैं। ये, एजेंसियां मानव स्वास्थ्य पर सुपारी के प्रभावों पर विस्तृत अनुसंधान करेंगी। इस अनुसंधान की निगरानी के लिए एक सलाहकार समिति का गठन किया गया है। परियोजना वर्ष 2025-26 में शुरू की गई थी और तीन वर्षों की अवधि के लिए 9.99 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

- **सुपारी पर मूल्य श्रृंखला अध्ययन:** डीएएसडी, आईसीएआर-सीपीसीआरआई के सहयोग से, सुपारी की मूल्य श्रृंखला पर एक पायलट अध्ययन कर रहा है ताकि इस क्षेत्र में मौजूदा मूल्य श्रृंखलाओं को समझा जा सके और सुपारी और इसके उत्पादों के उपभोग पैटर्न और वितरण चैनलों का विश्लेषण किया जा सके।

अनुबंध- I

दिनांक 4 अगस्त 2026 को लोकसभा में उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2678 'सुपारी का उत्पादन और उत्पादकता' के भाग (क) के संबंध में विवरण

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में सुपारी का क्षेत्रफल, उत्पादन और उत्पादकता (प्रति हेक्टेयर उपज)

क्षेत्रफल (ए) '000 हे. में

उत्पादन (पी) '000 एमटी में

उत्पादकता (पीडीटीवाई) एमटी/हे में

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2021-22			2022-23			2023-24			2024-25			2025-26 (द्वितीय अग्रिम अनुमान)		
		ए	पी	पीडीटीवाई	ए	पी	पीडीटीवाई	ए	पी	पीडीटीवाई	ए	पी	पीडीटीवाई	ए	पी	पीडीटीवाई
1	**कर्नाटक**	**603.12**	**1348.93**	**2.24**	**674.81**	**1024.12**	**1.52**	**676.95**	**1032.02**	**1.52**	**741.18**	**1097.75**	**1.48**	**798.68**	**1132.39**	**1.42**
2	केरल	93.97	103.48	1.10	94.55	98.53	1.04	96.11	103.99	1.08	96.05	85.80	0.89	97.51	88.43	0.91
3	मेघालय	18.95	25.09	1.32	34.41	51.65	1.50	35.05	51.92	1.48	55.93	87.26	1.56	55.93	87.26	1.56
4	असम	68.41	53.94	0.79	67.35	41.85	0.62	69.27	55.40	0.80	69.38	55.48	0.80	72.03	57.65	0.80
5	मिजोरम	21.42	33.54	1.57	21.42	33.54	1.57	21.42	33.54	1.57	21.42	33.54	1.57	21.42	33.54	1.57
6	तमिलनाडु	8.90	13.00	1.46	10.78	21.89	2.03	13.08	21.30	1.63	15.24	26.14	1.72	17.11	29.56	1.73
7	त्रिपुरा	7.25	24.85	3.43	7.34	24.98	3.40	7.35	25.07	3.41	7.35	25.08	3.41	7.30	24.93	3.42
8	पश्चिम बंगाल	12.07	24.84	2.06	12.49	24.79	1.98	12.84	24.93	1.94	12.52	24.83	1.98	12.48	24.76	1.98
9	आंध्र प्रदेश	3.85	7.64	1.98	3.37	20.24	6.00	3.92	30.51	7.78	8.53	18.39	2.16	10.44	18.27	1.75
10	अंडमान निकोबार	4.11	15.39	3.75	4.25	12.52	2.95	4.74	15.41	3.25	4.43	15.80	3.57	4.31	14.57	3.38
11	अरुणाचल प्रदेश	1.53	6.84	4.47	0.83	3.68	4.45	2.26	7.09	3.14	1.44	5.83	4.04	1.73	6.00	3.46
12	महाराष्ट्र	3.29	4.21	1.28	3.56	4.18	1.17	3.39	2.76	0.82	3.54	8.18	2.31	3.35	4.81	1.44
13	गोवा	2.07	4.14	2.00	2.08	3.96	1.90	2.10	3.98	1.90	2.12	4.00	1.89	2.09	3.54	1.69
14	ओडिशा				0.64	1.60	2.49	0.64	1.60	2.50	0.73	1.62	2.22	0.73	1.64	2.23
15	नागालैंड	0.35	0.16	0.45	0.23	1.35	5.83	0.24	1.37	5.82	0.21	1.33	6.32	0.97	1.63	1.69
16	मणिपुर										0.15	0.14	0.95	0.15	0.15	0.98
17	पुदुचेरी	0.05	0.08	1.50	0.04	0.06	1.51	0.05	0.08	1.50	0.04	0.07	1.50	0.05	0.07	1.53
	अखिल भारत	**849.33**	**1666.11**	**1.96**	**938.16**	**1368.94**	**1.46**	**949.40**	**1410.97**	**1.49**	**1040.27**	**1491.23**	**1.43**	**1106.29**	**1529.20**	**1.38**

स्रोत: बागवानी सांख्यिकी इकाई, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

अनुबंध- II

दिनांक 4 अगस्त 2026 को लोकसभा में उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2678 'सुपारी का उत्पादन और उत्पादकता' के भाग (ग) के संबंध में विवरण

कर्नाटक में जिलेवार सुपारी का क्षेत्रफल, उत्पादन और उत्पादकता

[क्षेत्रफल (ए) '000 हे. में, उत्पादन (पी) '000 एमटी टन में, उत्पादकता (पीडीटीवाई) एमटी/हे. में]

जिले	2021-22			2022-23			2023-24			2024-25			2025-26(द्वितीय अग्रिम अनुमान)		
	ए	पी	पीडीटीवाई	ए	पी	पीडीटीवाई	ए	पी	पीडीटीवाइ	ए	पी	पीडीटीवाई	ए	पी	पीडीटीवाई
बागलकोट	0.002	0.004	2.000	0.001	0.001	1.000	0.008	0.013	1.625	0.005	0.006	1.200	0.017	0.034	2.000
बैंगलोर शहरी	0.836	1.870	2.237	0.901	1.288	1.430	0.788	1.126	1.429	0.917	1.815	1.979	0.856	1.498	1.750
बैंगलोर ग्रामीण	3.451	7.719	2.237	4.028	7.613	1.890	4.593	8.267	1.800	4.638	8.812	1.900	4.576	5.720	1.250
बेलगाम	0.022	0.048	2.182	0.038	0.074	1.947	0.045	0.090	2.000	0.051	0.080	1.569	0.075	0.112	1.493
बेल्लारी	2.036	4.556	2.238	0.134	0.161	1.201	0.207	0.259	1.251	0.643	1.209	1.880	0.335	0.168	0.501
बीजापुर										0.003	0.004	1.333			
विजयपुरा				0.001	0.001	1.000	0.002	0.003	1.500				0.001	0.001	1.000
चामराजनगर	0.991	2.219	2.239	1.332	1.665	1.250	1.195	1.494	1.250	1.878	2.781	1.481	2.026	3.038	1.500
चिकबल्लापुर	0.618	1.383	2.238	0.746	1.141	1.529	0.758	1.159	1.529	1.090	2.181	2.001	1.173	1.806	1.540
चिकमंगलूर	75.912	92.385	1.217	83.867	133.349	1.590	83.232	120.686	1.450	100.134	127.170	1.270	100.440	167.734	1.670
चित्रदुर्ग	42.883	92.927	2.167	52.615	87.341	1.660	59.904	107.827	1.800	69.597	128.059	1.840	78.724	125.958	1.600
दक्षिण कन्नड़	101.689	274.560	2.700	107.476	145.092	1.350	97.210	130.261	1.340	100.065	134.087	1.340	107.900	141.349	1.310
दावणगेरे	75.260	178.291	2.369	83.088	139.588	1.680	86.309	122.559	1.420	102.689	171.491	1.670	109.673	183.153	1.670
धारवाड़	0.156	0.349	2.237	0.185	0.300	1.622	0.225	0.331	1.471	0.331	0.394	1.190	0.427	0.404	0.946
गड़ग	0.038	0.085	2.237	0.145	0.181	1.248	0.221	0.301	1.362	0.257	0.385	1.498	0.173	0.453	2.618
कालबुर्गी													0.0004	0.001	1.256
हासन	14.207	32.676	2.300	15.875	20.479	1.290	15.659	20.357	1.300	16.977	20.372	1.200	22.134	27.668	1.250
हावेरी	12.355	27.638	2.237	16.587	28.862	1.740	17.859	22.324	1.250	21.879	27.348	1.250	25.532	40.885	1.601
कोडागू	25.708	43.936	1.709	28.861	47.332	1.640	15.600	24.492	1.570	19.211	31.313	1.630	21.457	34.515	1.609
कोलार	0.012	0.026	2.167	0.015	0.015	1.000	0.022	0.041	1.864	0.038	0.038	1.000	0.069	0.069	1.000
कोप्पल	0.004	0.009	2.250	0.011	0.011	1.000	0.018	0.024	1.333	0.030	0.039	1.300	0.035	0.044	1.257
मंड्या	2.981	6.669	2.237	4.359	5.013	1.150	3.730	4.774	1.280	4.485	5.068	1.130	4.414	5.738	1.300
मैसूर	3.935	8.802	2.237	5.800	7.540	1.300	5.405	7.134	1.320	5.294	6.988	1.320	5.969	8.953	1.500
रामनगरम	3.278	7.333	2.237	3.760	3.798	1.010	3.040	3.892	1.280	4.469	7.061	1.580	4.927	6.307	1.280
शिमोगा	111.758	237.710	2.127	118.836	152.110	1.280	125.454	198.221	1.580	134.672	183.154	1.360	134.692	149.593	1.111
तुमकुर	69.083	160.480	2.323	85.972	108.325	1.260	92.153	117.955	1.280	85.480	95.737	1.120	101.665	117.377	1.155
उडुपी	23.207	72.430	3.121	23.052	39.188	1.700	24.402	41.484	1.700	24.137	41.033	1.700	26.573	39.859	1.500
उत्तर कन्नड़	32.698	94.823	2.900	34.515	89.393	2.590	35.722	92.519	2.590	37.003	93.988	2.540	39.354	59.031	1.500
विजयनगर							3.183	4.425	1.390	5.206	7.136	1.371	5.460	10.921	2.000
यादगीर	0.001	0.002	2.000	2.610	4.256	1.631	0.004	0.005	1.250	0.001	0.001	1.000			
कर्नाटक राज्य कुल	**603.121**	**1348.930**	**2.237**	**674.810**	**1024.117**	**1.518**	**676.948**	**1032.023**	**1.525**	**741.180**	**1097.750**	**1.481**	**798.677**	**1132.389**	**1.418**

स्रोत: सुपारी और मसाला विकास निदेशालय (डीएएसडी), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

*****